न्यायालय तहसीलदार / नायब तहसीलदार इन्द्रगढ़ (बून्दी)

सरकार बनाम / ऊमरसिंह बोन्या / लोकराज सिंह
जाति राजपूत नि॰ मारवीड़ा

निर्णय

मु.नं. 39/2018 तारीख रजू. 15.1.2018 तारीख निर्णय 29/1/2018
आज पत्रावली व मुकाम इजलास केम्प मारवीड़ा पेश हुई कि गैर सायल उपस्थित है/नहीं
है। रिपोर्ट पटवारी गांव मारवीड़ा प्राप्त होने पर यह है कि गैर सायल
श्री ऊमरसिंह बोन्या पुत्र श्री लोकराज सिंह जाति राजपूत
निवासी मारवीड़ा द्वारा आराजी खसरा नं. 438 रकबा 0.20
किस्म जमीन गै.मु. तलाई मौजा मारवीड़ा पर संवत 2074 में अतिक्रमण
कर काश्त/कब्जा कर लिया है। गैर सायल के नियमानुसार धारा 91 भू राजस्व अधिनियम सन1956/उपनिवेशन अधिनियम की धारा 22 के तहत नोटिस जारी किया गया जो बाद तामील शामील मिसल किया गया। अतिक्रमी बावजूद तामील के भी हाजिर नहीं है। उसके खिलाफ एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। उसने कोई जवाब व सबूत पेश नहीं किया। अतिक्रमी ने उक्त सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा/काश्त करके धारा 91 एल.आर. एक्ट / राज. उपनि. अधिनियम की धारा 22 का उल्लंघन किया है। गैर सायल को अतिक्रमी घोषित किया जाता है।

अतः अतिक्रमी श्री ऊमरसिंह बोन्या को आराजी खसरा नं. 438 रकबा 0.20
मौजा मारवीड़ा से बेदखल किया जाता है एवं लगान दर 12.00 से उक्त रकबा
लगान 2.40 का 50 गुना में शास्ति 120 कायम की
जाती है एवं फसल नीलामी फर्द तैयार करने व बेदखली हेतु पटवारी एवं भू. अभि. निरीक्षक को लिखा जावे तथा राजस्व लेखाकार एवं पटवारी को वसूली व जमा कायमी कराई जावे। पत्रावली बाद तकमील दाखिल दफतर हो। निर्णय सारे इजलास सुनाया गया।

नायब तहसीलदार
इन्द्रगढ़, जिला-बून्दी (राज.)

दिनांक 29/1/2018

तहसीलदार/नायब तहसीलदार
तहसील इन्द्रगढ़